# TEST-06

Q1. निम्नलिखित में कौन सा शब्द तद्भव नही है?
(A) रूप (B) रोपना
(C) रोटी (D) रुदन

Q2. दिए गए विकल्प में कौन सा शब्द तद्भव है-
(A) लटन (B) लोचन
(C) लोग (D) सत्य

Q3. निम्नलिखित तद्भव तत्सम में सही सुमेलित नही है-
(A) सलाई - शलाका
(B) सवा - सवाई
(C) लूक - उल्का
(D) वह - असौ

Q4. निम्नलिखित तद्भव -तत्सम में कौन सा सही सुमेलित है-
(A) रीता - रितिका
(B) यह - अत्र
(C) मीत- मित्रता
(D) माथा - मस्तक

Q5. निम्नलिखित तद्भव - तत्सम में सही सुमेलित है-
(A) साहू- साधू
(B) सीढ़ी - सिद्धिका
(C) सोंध - सोंधिका
(D) सुमिरन - सुमिरण

Q6. 'सौत' शब्द का तत्सम होगा-
(A) सवत (B) सपत्नी
(C) सौत्र (D) सौतिका

Q7. निम्नलिखित में सही सुमेलित नही है-
(A) जैसा - यादृश
(B) जो - यः
(C) माँ - मातृ
(D) चाचा - पितृव्य

Q8. निम्नलिखित में कौन सा शब्द तद्भव है-
(A) किस (B) श्याल
(C) तव (D) सप्त

Q9. दिए गए विकल्प में कौन सा शब्द तत्सम है?
(A) एला (B) आँवला
(C) जामुन (D) चाँदी

Q10. निम्नलिखित में सही सुमेलित है-
(A) बाघ - बाघ्र
(B) हीरा - हिरीका
(C) साखी - शखी
(D) सीस - शीर्ष

Q11. निम्नलिखित में से कौन सा ब्राह्मण का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
(A) द्विज (B) भूदेव
(C) मिलिंद (D) विप्र

Q12. निम्नलिखित में से कौन सा पवन का पर्यायवाची नहीं है -
(A) वायु (B) अनिल
(C) मारुत (D) तनय

Q13. निम्नलिखित में से कौन सा दाँत का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
(A) विबुध
(B) रद
(C) रदन
(D) द्विज

Q14. निम्नलिखित में से अमर्त्य का पर्यायवाची शब्द कौन सा है -
(A) आदर्श (B) निर्जर
(C) द्रव्य (D) रामरस

Q15. निम्नलिखित में से मित्र का पर्यायवाची शब्द कौन सा है -
(A) सहचर
(B) मनोहर
(C) प्रसून
(D) सहगामिनी

Q16. निम्नलिखित में से कौन सा सुषमा का पर्यायवाची शब्द है -
(A) शारदा (B) शोभा
(C) हेम (D) वनिता

Q17. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यायवाची की दृष्टि से अन्य सभी से भिन्न है -
(A) गंगाधर
(B) चंद्रमौलि
(C) मधुरिपु
(D) मदनारि

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-06

Q18. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यायवाची की दृष्टि से अन्य सभी से भिन्न है -

**(A)** भूप **(B)** महीप
**(C)** नरेंद्र **(D)** रघुपति

Q19. पर्यायवाची की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -

**(A)** विष - गरल
**(B)** राम - सौमित्र
**(C)** लक्ष्मी - श्री
**(D)** वृष्टि - पावस

Q20. पर्यायवाची की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -

**(A)** आदित्य - मार्तण्ड
**(B)** नाहर - केसरी
**(C)** जलधि - रत्नाकर
**(D)** अहि - नीलकंठ

Q21. निम्नलिखित वाक्यों में से एक वाक्य शुद्ध है-

**(A)** पत्ता गिर पड़ा पेड़ों से
**(B)** पेड़ से पत्ता गिरा
**(C)** पेड़ की पत्ता गिरी
**(D)** पेड़ में से पत्ता गिरा

Q22. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध हैं?

**(A)** दुकानदार ने ताला खोला
**(B)** दुकानदार ने ताला खुला
**(C)** दुकानदार को ताला खोला
**(D)** दुकानदार को ताला खुलवाया

Q23. निम्नलिखित में से सही वाक्य की पहचान कीजिए।

**(A)** तुम तुम्हारा काम करो
**(B)** जैसा देश वैसा भेष
**(C)** आप इधर बैठो
**(D)** सीता गुणवान स्त्री है

Q24. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी की पहचान कीजिए-

**(A)** अनुयाई **(B)** निस्वार्थ
**(C)** विशेषतयः **(D)** प्राणायाम

Q25. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द है-

**(A)** सूची **(B)** पैतृक
**(C)** महत्त्व **(D)** यानि

Q26. इनमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है-

**(A)** उपरोक्त
**(B)** उपर्युक्त
**(C)** उपरयुक्त
**(D)** उपरीयुक्त

Q27. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाले कथन की पहचान कीजिए-

**(A)** भीष्म ने अपनी प्रतीज्ञा पूरी की
**(B)** हमें सीधे मार्ग का अनुसरन करना चाहिए
**(C)** दिल्ली जमुना के किनारे पर बसी है
**(D)** होली फाल्गुन मास में मनाई जाती है

Q28. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए-

**(A)** सदृश्य **(B)** सदृश
**(C)** सदृष्य **(D)** सदृश

Q29. 'श्री कृष्ण के अनेकों नाम है' का शुद्ध रूप है-

**(A)** श्री कृष्ण के कई नाम है
**(B)** श्री कृष्ण के विभिन्न नाम है
**(C)** श्री कृष्ण के अनेक नाम है
**(D)** श्री कृष्ण के विविध नाम है

Q30. दिए गए शब्दों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-

**(A)** शमशान **(B)** सच्चिदानंद
**(C)** सांसरिक **(D)** घनिष्ट

Q31. निम्नलिखित में से गलत वर्तनी के वाक्य की पहचान कीजिए-

**(A)** मेरा नाम राधारमण है
**(B)** कृष्ण बंसी बजाते थे
**(C)** विक्रमादित्य लोकप्रिय शासक थे
**(D)** संज्ञा के चार उदाहरण दो

Q32. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी की पहचान कीजिए-

**(A)** उज्जवल **(B)** उद्दंड
**(C)** चौकन्ना **(D)** निरामिष

Q33. 'श्याम जल से पौधे सींच रहा है' वाक्य का शुद्ध रूप होगा-

**(A)** श्याम पौधे को जल से सींच रहा है
**(B)** पौधे का जल से सींच रहा है श्याम
**(C)** श्याम पौधे सींच रहा है
**(D)** जल से सींच रहा है शाम पौधे को

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-06

Q34. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य अशुद्ध है?
**(A)** बच्चे ने कहा था, पर आपने नहीं सुना
**(B)** पेड़ से पत्ता गिरा
**(C)** अमित ने जेब से दस रुपये का नोट निकाला
**(D)** विद्या सदेव साथ रहने वाला धन होता है

Q35. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
**(A)** मैं सारी रात भर जागता रहा।
**(B)** दिनभर वह कड़े परिश्रम करता है
**(C)** प्रत्यक्ष के प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती
**(D)** फलों का विक्रेता मुझे प्रतिदिन फल दे जाता है

Q36. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी की पहचान कीजिए-
**(A)** एकांतिक **(B)** बहिरंग
**(C)** निर्दय **(D)** प्रामाणिक

Q37. अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए-
**(A)** विदुषी
**(B)** अंत्याक्षरी
**(C)** कुमुदिनी
**(D)** व्यवहारिक

Q38. शुद्ध शब्द चुनिए-
**(A)** औद्योगिक **(B)** ओद्योगिक
**(C)** औधयौगिक **(D)** औद्योगीक

Q39. मंदाकिनी की जलधारा अजस्सर रूप से प्रवाहित हो रही है रेखांकित शब्द का शुद्ध रूप होगा-
**(A)** अजसस्सर
**(B)** अजस्त्र
**(C)** अजसर
**(D)** अजस्त्रर

Q40. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?
**(A)** अतयोक्ति **(B)** कवियित्री
**(C)** पुज्य **(D)** पक्षिगण

Q41. 'अभिज्ञ' का विलोम नहीं है –
**(A)** अज्ञ
**(B)** चतुर
**(C)** अनभिज्ञ
**(D)** अविज्ञ

Q42. निम्नलिखित में से ओतप्रोत शब्द का विलोम शब्द है –
**(A)** विहीन
**(B)** अनीश
**(C)** प्रगामी
**(D)** संयुत

Q43. शब्द और उनके विलोम शब्द के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** अर्जित - उपलब्ध
**(B)** अदोष - सदोष
**(C)** अवेक्षा - अनवेक्षा
**(D)** आलोक - तिमिर

Q44. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है ?
**(A)** अतिवृष्टि – अनावृष्टि
**(B)** ग्राह्य – त्याज्य
**(C)** स्वार्थ – हितार्थ
**(D)** अनुग्रह – विग्रह

Q45. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है ?
**(A)** छली – निश्छल
**(B)** भोगी - योगी
**(C)** जागृति – शयन
**(D)** निष्काम – सकाम

Q46. निम्नलिखित में से 'कृपा' का विलोम है –
**(A)** कोप
**(B)** कष्ट
**(C)** आशीष
**(D)** उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q47. औरस का विलोम शब्द है –
**(A)** प्रदत्त
**(B)** जारज
**(C)** नीरज
**(D)** अनुरस

Q48. निम्नलिखित में से कौन सा विलोम युग्म त्रुटिपूर्ण है ?
**(A)** उत्पत्यका - अधिपत्यका
**(B)** मृदुल - रूक्ष
**(C)** अर्पण - समर्पण
**(D)** चांचल्य - स्थैर्य

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-06

Q49. निम्नलिखित में से कौन सा विलोम युग्म त्रुटिपूर्ण है ?
**(A)** भूषण - पूषण
**(B)** निरत - विरत
**(C)** यौवन - जरा
**(D)** अनायास - सायास

Q50. निम्नलिखित में से 'प्राचीन' शब्द का विलोम शब्द है –
**(A)** पुरातन
**(B)** वर्तमान
**(C)** अर्वाचीन
**(D)** विपुल

Q51. जो पहले कभी न हुआ हो -
**(A)** अद्भुत
**(B)** अभूतपूर्व
**(C)** अपूर्व
**(D)** अनुपम

Q52. निम्नलिखित में सही मेल छाँटे –
**(A)** जिसका अन्त न हो – अतुलनीय
**(B)** जिसकी तुलना न हो – अनूदित
**(C)** जिसका अपराध सिद्ध हो – अपराधी
**(D)** जो साध्य न हो – असाधित

Q53. 'जो कभी बूढ़ा न हो' के लिए एक शब्द निम्न मे से कौन सा है?
**(A)** अजहर **(B)** अझार
**(C)** अझर **(D)** अजर

Q54. सदा प्रसन्न रहने वाली या कला – प्रेमी नायक -
**(A)** धीरोदान्त
**(B)** धीरललित
**(C)** धीरोद्धत
**(D)** धीवर

Q55. "इतिवृत्त" शब्द के लिए उचित वाक्यांश का चयन कीजिए।
**(A)** वृन्तांतो का घटनाक्रम
**(B)** जनसाधारण में प्रचलित धारणाऐं।
**(C)** समाज की घटनाओं का क्रमवार ब्यौरा
**(D)** सीमा का अनुचित उल्लंघन

Q56. असुमेलित जोड़े का चयन करें -
**(A)** जिसके पार देखा जा सके - अपारदर्शक
**(B)** दो बार जन्म लेने वाला - द्विज
**(C)** अनुचित बात के लिए आग्रह - दुराग्रह
**(D)** जो कुछ नहीं जानता - अज्ञ

Q57. जिसका कोई आकार न हो -
**(A)** नाकार **(B)** निराकार
**(C)** विकार **(D)** अल्पकार

Q58. बिजली की तरह तीव्र वेग वाला -
**(A)** विद्युत्प्रभ **(B)** विद्युत्वेग
**(C)** विकृत **(D)** विधिप्रदत्त

Q59. 'जिस स्त्री का पति बाहर हो' के लिए उपयुक्त शब्द है -
**(A)** अप्रत्याशित
**(B)** अप्राकृत
**(C)** प्रोषित पतिका
**(D)** आश्वस्त

Q60. "समुद्र की आग" के लिए उचित शब्द है।
**(A)** दावानल
**(B)** बड़वानल
**(C)** जलागम
**(D)** भिष्णाग्नि

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-06

## व्याख्यात्मक हल

Q1. **Ans: D**

**Solution:**

दिए गए विकल्प में रुदन शब्द तद्भव नही है।

रुदन तत्सम है, इसका तद्भव रोना होता है।

अन्य का तत्सम शब्द होगा-

रूप - रूप्य

रोपना- रोपण

रोटी- रोटिका

Q2. **Ans: C**

**Solution:**

लोग तद्भव शब्द है, इसका तत्सम  लोक होता है।

विकल्प में दिए गए अन्य शब्द तत्सम हैं, इनके तद्भव होंगे-

लटन- लटकना

लोचन- लोयन

सत्य - सच

Q3. **Ans: B**

**Solution:**

सवा का तत्सम सपाद होता है।

अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

Q4. **Ans: D**

**Solution:**

माथा का तद्भव मस्तक होता है।

अन्य का सही सुमेल होगा-

यह -एष

रीता- रिक्त

मीत- मित्र

Q5. **Ans: A**

**Solution:**

साहू का तत्सम साधू होता है।

अन्य का सही सुमेल होगा-

सीढ़ी- श्रेणी

सुमिरन- स्मरण

सोंध – सुगन्ध

Q6. **Ans: B**

**Solution:**

सौत शब्द का  तत्सम सपत्नी होता है।

Q7. **Ans: C**

**Solution:**

माँ का तत्सम माता होता है।

माई का तत्सम मातृ होता है।

अन्य सभी सही सुमेलित हैं।

Q8. **Ans: A**

**Solution:**

दिए गए विकल्प में किस तद्भव शब्द है, इसका तत्सम कस्य होता है।

अन्य शब्द तत्सम हैं, इनका तद्भव होगा

तव - तेरा

श्याल - साला

सप्त - सात

Q9. **Ans: A**

**Solution:**

एला तत्सम है, इसका तद्भव इलायची होता है।

अन्य का सही सुमेल होगा-

आँवला - आमलक

जामुन - जम्बु

चाँदी - रजत

Q10. **Ans: D**

**Solution:**

सीस का  तत्सम शीर्ष होता है।

अन्य का सही सुमेल होगा-

बाघ - व्याघ्र

साखी - साक्षी

हीरा – हीरक

Q11. **Ans: C**

**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से द्विज, भूदेव तथा विप्र ब्राह्मण शब्द के पर्यायवाची हैं जबकि मिलिंद शब्द भौंरा का पर्यायवाची है।

Q12. **Ans: D**

**Solution:** उपर्युक्त दिए शब्दों में से वायु, मारुत तथा अनिल पवन के पर्यायवाची हैं जबकि तनय शब्द पुत्र का पर्यायवाची है।

Q13. **Ans: A**

**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से रद, रदन तथा द्विज शब्द दाँत के पर्यायवाची हैं जबकि विबुध शब्द देवता का पर्यायवाची है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q14. **Ans: B**
**Solution:** अमर्त्य का अर्थ होता है अमर अथवा देवता। उपर्युक्त दिए गए शब्दों में से अमर्त्य का पर्यायवाची शब्द निर्जर है जबकि आदर्श दर्पण का, द्रव्य धन का और रामरस नमक का पर्यायवाची शब्द है।

Q15. **Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गए शब्दों में से मित्र का पर्यायवाची शब्द सहचर है जबकि मनोहर रमणीय का, प्रसून पुष्प का एवं सहगामिनी पत्नी का पर्यायवाची शब्द है।

Q16. **Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से शोभा सुषमा का पर्यायवाची है जबकि शारदा सरस्वती का, हेम सोना का तथा वनिता स्त्री का पर्यायवाची शब्द है।

Q17. **Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से गंगाधर, चंद्रमौलि एवं मदनारि शिव के पर्यायवाची हैं जबकि मधुरिपु विष्णु का पर्यायवाची शब्द है इसलिए विकल्प C अन्य सभी से भिन्न है।

Q18. **Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त में से भूप, महीप तथा नरेंद्र शब्द राजा के पर्यायवाची हैं जबकि रघुपति शब्द राम का पर्यायवाची है इसलिए विकल्प D अन्य सभी से भिन्न है।

Q19. **Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त में से गरल विष का, श्री लक्ष्मी का एवं पावस वृष्टि अथवा वर्षा का पर्यायवाची है इसलिए सुमेलित है जबकि सौमित्र राम नहीं बल्कि लक्ष्मण का पर्यायवाची है इसलिए सुमेलित नहीं है।

Q20. **Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये युग्मों में से मार्तण्ड आदित्य अथवा सूर्य का, केसरी नाहर अथवा शेर का तथा रत्नाकर जलधि अथवा समुद्र का पर्यायवाची शब्द है इसलिए सुमेलित है। अहि का अर्थ सर्प होता है और नीलकंठ अहि का नहीं बल्कि मोर का पर्यायवाची शब्द है।

Q21. **Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में से 'पेड़ से पत्ता गिरा' वाक्य शुद्ध है इसके अतिरिक्त सभी वाक्य अशुद्ध है। यहां पेड़ से पत्ता अलग हो रहा है। इस कारण 'पेड़ में से' की जगह 'पेड़ से' पत्ता गिरा वाक्य शुद्ध होगा।

Q22. **Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्य में से 'दुकानदार ने ताला खोला' वाक्य शुद्ध होगा इसके अतिरिक्त सभी विकल्प गलत है।

Q23. **Ans: B**
**Solution:** तुम तुम्हारा काम करो का शुद्ध रूप है तुम अपना काम करो आप इधर बैठो का शुद्ध रूप है आप इधर बैठिए इसी प्रकार सीता गुणवान स्त्री है का शुद्ध रूप होगा सीता गुणवती स्त्री है।

Q24. **Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त शब्दों का शुद्ध रूप होगा-
अनुयाई - अनुयायी
निस्वार्थ - निःस्वार्थ
विशेषतयः- विशेषतया

Q25. **Ans: D**
**Solution:** 'यानि' एक अशुद्ध शब्द है जिसका शुद्ध रूप होगा 'यानी'।

Q26. **Ans: B**
**Solution:** 'उपर्युक्त' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

Q27. **Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्यों का शुद्ध रूप होगा-
भीष्म ने अपनी प्रतिज्ञा पूरी की।
हमें सीधे मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।
दिल्ली यमुना के किनारे पर बसी है।

Q28. **Ans: A**
**Solution:** सदृश्य शुद्ध वर्तनी है जबकि अन्य विकल्प अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द है।

Q29. **Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में से शुद्ध रूप है 'श्री कृष्ण के अनेक नाम है' यहां 'अनेक' बहुवचन के साथ उपयोग में लाया जाता है अतः यहाँ 'अनेकों' का इस्तेमाल गलत है।

Q30. **Ans: B**
**Solution:**
शमशान- श्मशान
सांसरिक- सांसारिक
घनिष्ट- घनिष्ठ

Q31. **Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्य में से 'कृष्ण बंसी बजाते थे' गलत है। इसका शुद्ध रूप है 'कृष्ण वंशी बजाते थे'।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q32. **Ans: A**
**Solution:** 'उज्जवल' का शुद्ध रूप है 'उज्ज्वल'। इसके अतिरिक्त सभी वर्तनी शुद्ध है।

Q33. **Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रुप है 'श्याम पौधे सींच रहा है'। क्योंकि पौधे जल से ही सींचे जाते हैं इसलिए यहां जल का उपयोग असंगत है।

Q34. **Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्य में 'विद्या सदेव साथ रहने वाला धन होता है' यह अशुद्ध है। इसका शुद्ध रूप होगा 'विद्या सदैव साथ रहने वाला धन है'।

Q35. **Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्यों का शुद्ध रूप है-

★ मैं सारी रात जागता रहा

★दिन भर वह परिश्रम करता है

★प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती

Q36. **Ans: A**
**Solution:** 'एकांतिक' एक अशुद्ध वर्तनी है जिसका शुद्ध वर्तनी होगा 'ऐकांतिक'। इसके अतिरिक्त सभी वर्तनी शुद्ध है।

Q37. **Ans: D**
**Solution:** 'व्यवहारिक' एक अशुद्ध शब्द है। जिसका शुद्ध रूप होगा 'व्यावहारिक'।

Q38. **Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में शुद्ध रूप है 'औद्योगिक'।

Q39. **Ans: B**
**Solution:** 'मंदाकिनी की जलधारा अजस्सर रूप से प्रभावित हो रही है' इसका शुद्ध रूप होगा 'मंदाकिनी की जलधारा अजस्र रूप से प्रभावित हो रही है'।

Q40. **Ans: D**
**Solution:** पक्षिगण शुद्ध शब्द है। अन्य शब्दों का शुद्ध रूप होगा अत्युक्ति, कवयित्री, पूज्य।

**Q41. Ans: B**
**Solution:** अभिज्ञ शब्द के विलोम अज्ञ होता है। अभिज्ञ का विलोम अनभिज्ञ भी होता है। अभिज्ञ का विलोम अविज्ञ भी हो सकता है। अज्ञ के विलोम विज्ञ एवं प्रज्ञ हैं।

**Q42. Ans: A**
**Solution:** ओतप्रोत का विलोम शब्द विहीन है। अनीश शब्द ईश का विलोम है एवं संयुत शब्द च्युत शब्द का विलोम है।

**Q43. Ans: A**
**Solution:** अर्जित शब्द का विलोम अनर्जित होता है, अदोष का विलोम सदोष, अवेक्षा का विलोम अनवेक्षा एवं आलोक का विलोम तमस या तिमिर होता है।

**Q44. Ans: C**
**Solution:** विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –

- अतिवृष्टि – अनावृष्टि
- ग्राह्य – त्याज्य
- स्वार्थ – परमार्थ
- अनुग्रह – विग्रह

**Q45. Ans: C**
**Solution:** विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –

- छली – निश्छल
- भोगी - योगी
- जागृति – सुषुप्ति
- निष्काम – सकाम

**Q46. Ans: A**
**Solution:** कृपा का विलोम कोप होता है।

**Q47. Ans: B**
**Solution:** औरस का विलोम शब्द जारज होता है।

**Q48. Ans: C**
**Solution:** उत्पत्यका का विलोम अधिपत्यका, मृदुल का विलोम रूक्ष, चांचल्य का विलोम स्थैर्य होता है। अर्पण का विलोम ग्रहण होता है न कि समर्पण।

**Q49. Ans: A**
**Solution:** भूषण का विलोम दूषण होता है। निरत का विलोम विरत, यौवन का विलोम जरा एवं अनायास का विलोम सायास होता है।

**Q50. Ans: C**
**Solution:** प्राचीन शब्द का विलोम अर्वाचीन है। पुरातन, नूतन का विलोम है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-06

Q51. **Ans: B**
**Solution:** जो पहले कभी न हुआ हो के लिए उपयुक्त शब्द अभूतपूर्व है। अद्भुत का अर्थ है बड़ा आश्चर्य या विस्मय उत्पन्न करना। अनुपम का अर्थ बेहद उत्कृष्ट से लगाया जा सकता है.

Q52. **Ans: C**
**Solution:** जिसका अन्त न हो – अनन्त
जिसकी तुलना न हो – अतुलनीय
जो साध्य न हो - असाध्य

Q53. **Ans: D**
**Solution:** वाक्य प्रयोग – इस धरती पर कोई भी व्यक्ति अजर नहीं है।
जो न गिरे न झरे - अझर

Q54. **Ans: B**
**Solution:** धीरोदान्त का अर्थ है शक्तिशाली, दयालु और योद्धा नायक धीवर का अर्थ है मछली पकड़ने या बेचने वाली जाति।

Q55. **Ans: C**
**Solution:** किसी देश या समाज की घटनाओं के क्रमवार ब्यौरा के लिए उपयुक्त एक शब्द है – "इतिवृत्त"

Q56. **Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त में विकल्प A असुमेलित है . क्योंकि जिसके पार देखा जा सके के लिए एक शब्द है – पारदर्शी
शेष सभी विकल्प सही सुमेलित हैं।

Q57. **Ans: B**
**Solution:** नाकार – निषेध या मना करने के लिए
विकार – किसी स्थिति विशेष में प्रतिकूल परिवर्तन
अल्पकार – छोटी अवधि।

Q58. **Ans: B**
**Solution:** विद्युत्प्रभ का अर्थ है बिजली की तरह चमकने वाला।
विद्युत्वेग का अर्थ है बिजली की तरह तीव्र वेग वाला।
विकृत का अर्थ है जिसमे विकार हो।
विधिप्रदत्त का अर्थ है – विधि के द्वारा प्रदत्त।

Q59. **Ans: C**
**Solution:** अप्रत्याशित – जिसकी आशा न रही हो।
अप्राकृत – जो प्रकृति के अनुरुप न हो।
आश्वस्त – जिसे आश्वासन दिया गया हो।

Q60. **Ans: C**
**Solution:** दावानल – वन या जंगल की आग को कहते है।
जलागम का अर्थ किसी विशेष क्षेत्र में से मेड़ से पानी रोकना है।
बड़वान का अर्थ समुद्र मे आग से है। यद्यपि यह अतिशयोक्ति में ही कहा जाता है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें

**हमें FOLLOW करें**

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

## GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

### यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

